हरिभूमि

# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, शुक्रवार 26 जून 2026

तापमान

अधिकतम 39 .0 डिग्री से.
न्यूनतम 30 .0 डिग्री से.

10 निर्जला एकादशी का पर्व श्रद्धा से मनाया



10 0 से 5 वर्ष तक के लगभग एक लाख 38 हजार...



## खबर संक्षेप

### करंट से महिला की मौत शव परिजनों को सौंपा

**जींद।** गांव जलालपुरा खुर्द में बीती रात करंट लगने से महिला की मौत हो गई। सदर थाना पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया। गांव जलालपुरा निवासी अजय की पत्नी लक्ष्मी (36) बीती रात कमरे मेड्ढ कूलर को सरका रही थी। उसी दौरान उसे करेंट ने अपनी चपेट मे ले लिया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर मृतका का मायका पक्ष तथा सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा ले शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल पहुचाया था।

### कैथलः जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक आज

**कैथल।** डीसी अपराजिता ने बताया कि जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक 26 जून को सुबह 10 बजे आरकेएसडी कॉलेज के सभागार में आयोजित की जाएगी। इस बैठक की अध्यक्षता कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री श्याम सिंह राणा करेंगे। इस बैठक में चार पुरानी व आठ नई शिकायतें सुनी जाएंगी। इसमें सभी विभागाध्यक्ष मौजूद रहेंगे, ताकि बैठक में रखे गए सभी समस्याओं एवं परिवादों का मौके पर समाधान हो सकें।

### सड़क हादसे में जीजा की मौत और साला घायल

**राजौंद।** गांव गुलियाणा से जींद के गांव थुआ जा रहे जीजा-साला भीषण सड़क हादसे का शिकार हो गए। अज्ञात वाहन चालक टक्कर मारकर भाग गया, जिसमें जीजा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि साला गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए पीजीआई चंडीगढ़ रेफर किया गया है। मृतक की पहचान गांव थुआ निवासी 47 वर्षीय संजय के रूप में हुई है, जो ससुराल में गयाथा और साले मोनू के साथ बाइक पर सवार होकर घर वापस जा रहा था। गांव सौंगल निवासी मुकेश कुमार ने बताया कि उसकी बहन गर्मियों की छुट्टियों में बच्चों के साथ मायके आई हुई है।

### पंचायत में महिला पर अभद्र टिप्पणी, केस

**जींद।** सदर थाना सफीदों में पंचायत के दौरान महिला के चरित्र पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने पर शहर थाना सफीदों पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव खातला में दो पक्षों के बीच खींचतान को लेकर सदर थाना पुलिस ने दोनों पक्षों को बुलाया गया। जिसमें गांव के मौजिज आदमी भी मौजूद थे। बीतचीत के दौर बीच एक पक्ष ने वहां मौजूद महिला के चरित्र पर आपत्तिजनक टिप्पणी कर दी और अभद्र भाषा का प्रयोग किया।

### दुकान में आभूषण चोरी का आरोपित गिरफ्तार

**जींद।** थाना सदर नरवाना पुलिस ने बेलरखां में दुकान से आभूषण चोरी करने के मामले में एक ओर आरोपित को गिरफ्तार किया है। थाना सदर नरवाना के प्रभारी निरीक्षक कमल सिंह ने बताय कि शिकायतकर्ता दीपक वासी गांव बेलरखा ने थाना सदर नरवाना में अपनी शिकायत में बताया कि उसकी बेलरखां में आभूषणों की दुकान से किसी अज्ञात व्यक्ति ने 1500 ग्राम चांदी, 10 ग्राम सोने के आभूषण तथा अन्य सामान चोरी कर लिया गया जिसकी शिकायत के आधार पर थाना सदर नरवाना में मामला दर्ज किया था।

### रंजिशन मारपीट करने पर छह नामजद

**जींद।** गांव ऐंचराखुर्द में रंजिशन व्यक्ति के साथ मारपीट करने पर सदर थाना सफीदों पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव ऐंचराखुर्द निवासी प्रवीन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी गांव के ही सरूपा परिवार से रंजिश चली आ रही है। बीती शाम को आरोपित खेत में बनी उसकी डेयरी में पहुंचे और कहा कि जो जमीन उन्होंने ठेके पर ली है। उसकी जमीन उनके खेत मे निकलती है। जिसको लेकर आपस में कहासुनी हो गई

# अवैध और अस्वच्छ कनेक्शन धारकों को नोटिस देने के लिए बनाया शेड्यूल

## अवैध कनेक्शन पर सख्त कार्रवाई की तैयारी, नोटिस देकर दो दिन का दिया जाएगा समय

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

हर घर तक स्वच्छ पेयजल आपूर्ति करवाने को लेकर विभाग ने कमर कस ली है। इसके लिए विभाग ने कनिष्क अभियंता की अगुवाई और खंड समन्वयक के नेतृत्व में संयुक्त टीम गठित कर के सर्वे के लिए शेड्यूल तैयार कर लिया है। टीमें घर-घर जाकर पेयजल के कनेक्शन की जांच करेगी। मौके पर जो अवैध व अस्वच्छ कनेक्शन पाए जाते हैं, उन्हें नोटिस देकर दो दिन का समय दिया जाएगा। इसके साथ ही जिन नलों पर टेप या टूंटी नही लगी उन कनेक्शन धारको को भी नोटिस दिया जाएगा। यदि



जींद। पानी की जांच करते स्वास्थ्यकर्मी। *फोटो :हरिभूमि*

उपभोक्ताओं द्वारा अपने कनेक्शन को ठीक नहीं किया गया तो उनके कनेक्शन काटे जाएंगे। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग व जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन के जिला सलाहकार रणधीर मताना ने गुरूवार को बताया कि गांव गतौली में ग्रामीणों द्वारा पेयजल आपूर्ति सही ना होने की शिकायत विभाग के पास की गई थी। पेयजल उपभोक्ताओं का कहना था कि गांव में कुछ लोगों द्वारा अवैध तरीके से मुख्य पाइप लाइन से पानी के कनेक्शन किए हुए हैं। जिसके कारण सभी को पानी उपलब्ध नहीं हो पाता है। इसके अलावा कुछ लोगों द्वारा आधा इंच से बड़े कनेक्शन किए हुए या दो दो कनेक्शन कर रखे हैं। कुछ उपभोक्ताओं द्वारा नलों पर टेप नही लगाई गई है, जिससे सभी लोगों के घरों तक पानी नहीं पहुंच पाता ओर पेयजल की बर्बादी होती है। रणधीर मताना ने बताया कि इस को लेकर गांव में ग्राम पंचायत के सहयोग से एक अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत अवैध कनेक्शन धारकों पर विभाग द्वारा सख्त कार्रवाई की जाएगी। ऐसे उपभोक्ताओं को पहले नोटिस दिया जाएगा ओर बाद में उसका कनेक्शन काट दिया जाएगा। अतः जिन उपभोक्ताओं ने अभी तक अपने पेयजल के कनेक्शन ठीक नहीं किए हैं, वह जल्द से जल्द अपने कनेक्शन को ठीक करवा लें। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा जल संरक्षण अभियान के तहत कनिष्क अभियंता सन्नी रोहिल्ला की अगुवाई व खंड समन्वयक सोमलता सैनी के नेतृत्व में संयुक्त टीम का गठन किया गया है।

### मुख्य पाइप लाइन से हटेंगे अवैध कनेक्शन

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग व जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन के जिला सलाहकार रणधीर मताना ने बताया कि जिले में जल संरक्षण अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग व जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन की संयुक्त टीम द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में गांव में पेयजल पाइप लाइन को लीकेज फ्री करके जीरो लीकेज करने, मुख्य पाइप लाइन से अवैध कनेक्शन हटवाने, हर कनेक्शन पर टेप लगवाने, अस्वच्छ कनैक्शन की पहचान करके उन्हें ठीक करवाने एपेयजल आपूर्ति में क्लोरिनेशन चैक करने का कार्य टीम द्वारा किया जा रहा है।

## केंद्र पर तैनात फार्मासिस्ट की ड्यूटी कारागार में लगाई

# जिला नागरिक अस्पताल में जन औषधि केंद्र बंद

## सस्ती दवाएं न मिलने से मरीज हो रहे परेशान

**नागरिक अस्पताल में प्रतिदिन 1800 तक की ओपीडी**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में संचालित जन औषधि केंद्र पिछले तीन दिनों से बंद पड़ा है। जिसके चलते गरीब और आम मरीज दवाइयों के लिए बाहर की दुकानों पर महंगे दाम चुकाने को मजबूर हो रहे हैं। क्योंकि जब दवा खिड़की पर दवा नही मिलती तो उन्हें जन औषधि केंद्र से दवा लेने के लिए बताया जाता है। अब जन औषधि केंद्र भी तीन दिन से बंद है और इसके आगे वाहन चालकों ने अपनी पार्किंग बना ली है। ऐसे में जरूरतमंद लोगों की परेशानी बढ़ गई है। नागरिक अस्पताल में प्रतिदिन 1800 तक की ओपीडी होती है। सोमवार को यह ओपीडी दो हजार से पार तक पहुंच जाती है।



जींद। नागरिक अस्पताल में बंद पड़ा जन औषधि केंद्र। *फोटो :हरिभूमि*

वहीं छुट्टी से अगले दिन भी यह संख्या दो हजार के पार रहती है। इतनी संख्या में मरीजों को प्रतिदिन दवाइयां देने से कई बार दवाइयां उपलब्ध नही हो पाती हैं। इसीलिए अस्पताल में दवाइयां न मिलने पर विकल्प के तौर पर जन औषधि केंद्र खोला गया है ताकि अस्पताल में दवा खिड़की पर दवा उपलब्ध न होने पर जन औषधि केंद्र से सस्ते दामों पर मरीजों को दवाइयां मिल सकें लेकिन यहां भी पर्याप्त दवाएं कई बार नही मिलती है लेकिन जो मिलती हैं वो सस्ती दरों पर उपलब्ध हो जाती हैं। जिससे मरीजों को बाहर कैमिस्ट से महंगी दरों पर दवाई लेने की जरूरत नही होती। अस्पताल में दवा लेने आए राजकुमार, बिमला ने बताया कि उन्हें दवा खिड़की से पर्याप्त दवा नही मिली। जिस पर वो जन औषधि केंद्र पर आए लेकिन यह भी बंद है। जन औषधि केंद्र पर ये दवाएं बहुत सस्ती मिलती हैं लेकिन तीन दिन से बंद है। बाहर से खरीदी तो दाम दोगुने लग गए। गरीब आदमी कैसे खरीदे। केंद्र बंद होने से दवा का खर्चा बढ़ गया है। खासकर बुजुर्गों, महिलाओं और गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों को सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है। स्थानीय लोगों ने स्वास्थ्य प्रशासन से तुरंत हस्तक्षेप की मांग की है ताकि जन औषधि केंद्र नियमित रूप से खुल सके और मरीजों को सस्ती दवाइयों का लाभ मिलता रहे।

### लाइसेंस जल्द अप्लाई किया जाएगा : पूनिया

नागरिक अस्पताल के प्रधान चिकित्सा अधिकारी डा. रघुवीर पूनिया ने बताया कि अस्पताल में दवाओं की कोई कमी नही है। जन औषधि केंद्र पर जो फार्मासिस्ट है, उसकी ड्यूटी जिला कारागार में लग गई है और जन औषधि केंद्र का लाइसेंस उसके नाम पर है। नए फार्मासिस्ट के नाम पर लाइसेंस जल्द ही अप्लाई किया जाएगा। अस्पताल में आने वाले मरीजों को दवा के लिए कोई परेशानी नहीं आने दी जाएगी।

# महिला ने फंदा लगाकर दी जान

## भिड़ताना के जितेंद्र से पांच साल पहले की थी लव मैरिज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

गांव भिड़ताना में वीरवार को संदिग्ध हालात में एक महिला ने फांसी का फंदा लगा कर जान दे दी। मृतका ने लगभग पांच साल पहले प्रेम विवाह किया था। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने चिकित्सक बोर्ड से मृतका के शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया और बिसरा जांच के लिए लैबोरट्री भेज दिया। रिपोर्ट आने के बाद आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। गांव भिड़ताना निवासी जितेंद्र की पत्नी भावना (25) ने वीरवार को अपने मकान में संदिग्ध हालात के चलते फांसी का फंदा लगा लिया। जिसका परिजनों का तुरंत पता चल गया। गंभीर हालात में महिला को शहर के निजी अस्पताल लाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जहां से मृतका के शव को नागरिक अस्पताल लाया गया। घटना की सूचना पाकर पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस तथा मृतका का मायका पक्ष भी मौके पर पहुंच गया। मृतका के पिता गांव सोरखी निवासी आजाद ने पुलिस को बताया कि उसकी बेटी ने लगभग पांच साल पहले जितेंद्र से लव मैरिज की थी। इस दौरान भावना ने एक लड़की को जन्म दिया। जो दो वर्ष की है। बेटी के घर आना-जाना भी शुरू हो गया था। तीन-चार दिन पहले पति पत्नी के बीच जरूर कहासुनी हुई थी। उसकी बेटी ने यह कदम क्यों उठाया, यह जांच का विषय है। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने मृतका के शव का चिकित्सक बोर्ड से पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। मृतका के बिसरे को जांच के लिए लैबोरेट्री भेजा गया है। जिसके बाद आगामी कार्रवाई पुलिस द्वारा अमल में लाई जाएगी।

### मामले की जांच जारी

पिल्लूखेड़ा थाना के जांच अधिकारी बिजेंद्र सिंह ने बताया कि मृतका का पोस्टमार्टम चिकित्सक बोर्ड से करवाया गया है। बिसरा लैबोरट्री भेजा गया है। फिलहाल मामले की जांच गहनता से की जा रही है।



जींद। ट्रक से पशुओं को उतारते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

### ट्रक से 107 कटड़े बरामद, चालक समेत पांच पकड़े

**जींद।** सदर थाना नरवाना पुलिस ने गांव ढाकल के निकट एक ट्रक से 107 कटड़ों को बरामद कर पांच लोगों को पशु क्रूरता अधिनियम के तहत गिफ्तार किया है। पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर रही है। सदर थाना नरवाना पुलिस को सूचना मिली थी कि गांव ढाकल के निकट सड़क किनारे संदिग्ध हालात में ट्रक खड़ा हुआ है। पुलिस कर्मियों ने मौके पर पहुंच कर ट्रक की तलाशी ली तो उसमें 107 कटड़े ठूंस-ठूंस कर भरे पाए गए। क्षमता से अधिक भरे जाने के कारण अधिकांश कटड़ों की हालात दयनीय हो चुकी थी। ट्रक में कटड़ों के चारे तथा पानी का कोई प्रबध भी नही था। पुलिस पूछताछ में ट्रक सवार लोगों की पहचान चालक गांव नगल फतेहबाद निवासी चरणजीत, गोला राम, रवि, गांव सरदारावाला निवासी जग्गू तथा गांव ननेहड़ा सहारनपुर निवासी सुखा के रूप में हुई।

### हाइड्रोजन ट्रेन के हाई स्पीड ट्रायल पर संशय के बादल

**जींद।** शुक्रवार को होने वाले हाइड्रोजन ट्रेन के हाई स्पीड ट्रायल पर संशय के है। ट्रायल प्रक्रिया के लिए अनुसंधान अभिकल्प एवं मानक संगठन (आरडीएसओ) की टीम वायरिंग व प्लेटिंग का काम कर रही है। अगर यह काम पूरा हो जाता है तो शुक्रवार को ट्रेन का ट्रायल संभव हो सकेगा। वहीं अगर यह काम पूरा नहीं होता है तो ट्रेन का ट्रायल को लेकर फिर से शेड्यूल बनाया जा सकता है। बताया जा रहा है कि वायरिंग और प्लेटिंग के काम में तकनीकी कमी आने से वीरवार देर शाम तक काम चलता रहा। ट्रेन का ट्रायल जींद से दिल्ली व सोनीपत रूट पर होना है। ट्रायल के जरिये ट्रेन के विभिन्न तकनीकी पहलुओं की बारीकी से जांच की जाएगी।

### डिवाइडर पर लगा स्ट्रीट लाइट का पोल अचानक सड़क पर गिरा, हादसा टला



**कलायत।** कलायत में नेशनल हाइवे कैची चौक व श्री कपिल मुनि राजकीय महिला कालेज के बीच डिवाइडर पर लगा स्ट्रीट लाइट का पोल अचानक सड़क पर आ गिरा। गनीमत रही कि उस समय कोई नागरिक इस घटना की चपेट में नहीं आया। दुकानदारों के अनुसार करीब दो सप्ताह पहले आए तेज तूफान के कारण पोल टेढ़ा हो गया था। सुबह अचानक पोल सड़क के बीचों-बीच गिर पड़ा। जिससे कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित हुआ। सड़क पर जाम जैसी स्थिति बन गई। घटना की सूचना मिलते ही नगर पालिका प्रशासन हरकत में आया। पालिका सचिव पवन कुमार के निर्देश पर बिजली निगम प्रभारी सचिन कौशिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे। टीम ने क्षतिग्रस्त पोल को हटाकर यातायात सुचारु कराया। नपा सचिव पवन शर्मा ने बताया कि सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंची। क्षेत्र की लाइट व्यवस्था को जल्द सामान्य करने के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी लगा दी गई है।



उपमंडल कार्यालय ई-रिक्शा से पहुंचे एसडीएम रतिम यादव।

### एसडीएम ई-रिक्शा से पहुंचे कार्यालय

**उचाना।** पर्यावरण संरक्षण और ईंधन बचत का संदेश देने के लिए जींद की डीसी डा. वैशाली शर्मा के बाद गुरुवार को उचाना के एसडीएम रमित यादव भी ई-रिक्शा से कार्यालय पहुंचे। पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह से तीन किमी का सफर अपने स्टाफ के साथ ई.रिक्शा में तय किया। एसडीएम को ई.रिक्शा से कार्यालय पहुंचता देख वहां मौजूद कर्मचारी और आमजन भी आश्चर्यचकित रह गए। इस दौरान एसडीएम रमित यादव ने कर्मचारियों और आमजन से अधिक से अधिक इलेक्ट्रिक वाहन एवं पब्लिक ट्रांसपोर्ट का उपयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और ईंधन की बचत के लिए सभी को अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए।

# नरवाना एरिया में चोरी की 38 वारदातों का खुलासा

- पंजाब के खनौरी मंडी के रहने वाले दोनों चोर, चोरीशुदा संपति बरामद

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

सीआईए स्टाफ नरवाना पुलिस ने अंतरर्राजिय चोर गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपितों ने नरवाना व दनौदा एरिया में चोरी की 38 वारदातों को कबूला है। पकड़े गए आरोपितों की पहचान गुजरां हाल खनौरी (पंजाब) निवासी अनिल उर्फ लीला व खनौरी, संगरूर (पंजाब) निवासी बलवान के रूप में हुई है। सीआईए प्रभारी सुखदेव सिंह ने गुरूवार को जानकारी देते बताया कि नरवाना व



दनौदा एरिया में पिछले कुछ समय से चोरी की लगातार वारदातें हो रही थी। जिस पर संज्ञान लेते हुए विशेष टीम का गठन किया गया था। सीआईए नरवाना की टीम एएसआई शमशेर के नेतृत्व में खनौरी बॉर्डर पर दातासिंह वाला गांव में मौजूद थी कि टीम को सूचना मिली कि खनौरी के दो चोर जिन्होंने नरवाना एरिया में चोरी की काफी वारदातें कर रखी हैं, चोरी करने के इरादे से दाता सिंह वाला गांव की तरफ आ रहे हैं। टीम ने तुरंत खनौरी बॉर्डर के नजदीक ट्रैप लगाया और थोड़ी देर बाद दो युवक खनौरी की तरफ से आते दिखे। जिस पर सीआईए टीम ने दोनों को मौका पर ही दबोच लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपितों ने नरवाना में पटियाला रोड पर बैटरी की दूकान से 40 हजार रुपये चोरी करने की बात कबूल की। जब सीआईए टीम ने सख्ती से पूछताछ शुरू की तो आरोपितों ने कुल 38 चोरियां नरवाना व दनौदा एरिया में करनी कबूल की हैं।

### इन वारदातों का खुलासा

1. 31 मई 2026 को खनौरी रोड पर बैटरी की दुकान से लॉक तोड़ कर 40 हजार रुपये चोरी किए।
2. 29 मई 2026 की रात को दनौदा से भीखेवाला रोड पर रात के समय बैटरी व इनवर्टर चोरी किया।
3. चार मई 2026 की रात को दनौदा से दुर्जनपुर रोड लितानी के साथ खेतों से सबमर्सिबल पंप की मोटरों की 17 खेतों से केबल तारें चोरी की।
4. सात अगस्त 2025 की रात को बडनपुर गांव के खेतों से सबमर्सिबल पंप की मोटरों की 18-19 खेतों से केबल तारें चोरी की।
5. 23 मई 2026 की रात को नरवाना से कलायत रोड पर एचपी के पेट्रोल पंप के नजदीक हथो गांव के खेतों से सबमर्सिबल पंप की मोटर की केबल तार चोरी की।

## आईटीआई में दाखिले की करीब 1000 से अधिक सीटें हुई कम

**कम दाखिले के चलते ट्रेड यूनिट की बंद, विद्यार्थियों की बढ़ी चिंता**

# कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग ने 52 ट्रेड यूनिट पर चलाई कैंची

सूरज सहारण ▸▸| कैथल

कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग ने प्रदेश के विभिन्न औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में कम दाखिले को देखते करीब 52 ट्रेड यूनिट को बंद करने का निर्णय लिया है। विभाग के फैसले से उन विद्यार्थियों की चिंता बढ़ गई है, जो इन ट्रेडों में प्रशिक्षण लेकर रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त करना चाहते थे। जानकारी अनुसार कई आईटीआई में कुछ ट्रेडों में लगातार कम संख्या में



कैथल। राजकीय आईटीआई में प्रशिक्षण लेते विद्यार्थी। *फाइल फोटो।*

दाखिले हो रहे थे। सीटें खाली रहने के कारण विभाग को इन यूनिटों के संचालन में आर्थिक और प्रशासनिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। इसी के चलते विभाग ने समीक्षा के बाद 52 ट्रेड यूनिट को बंद करने का फैसला लिया है। इस निर्णय का असर उन छात्रों पर पड़ सकता है, जो अपने क्षेत्र के नजदीकी संस्थान में संबंधित ट्रेड का कोर्स करना चाहते थे। अब उन्हें अन्य संस्थानों का रुख करना पड़ सकता है, जिससे समय और खर्च दोनों बढ़ेंगे। छात्रों और अभिभावकों का कहना है कि विभाग को ट्रेड बंद करने के बजाय उनके प्रति जागरूकता बढ़ाने और रोजगार से जोड़ने के प्रयास करने चाहिए थे। अधिकारियों का कहना है कि जिन ट्रेडों की मांग अधिक है, वहां संसाधनों को मजबूत किया जाएगा ताकि विद्यार्थियों को बेहतर प्रशिक्षण और रोजगारोन्मुख शिक्षा उपलब्ध कराई जा सके।

### कैथल से कोई ट्रेड यूनिट बंद नहीं

राजकीय आईटीआई कैथल के प्रधानाचार्य सतीश मच्छाल ने बताया कि निदेशालय द्वारा कम दाखिला के चलते कई जिलों के कुछ ट्रेड यूनिट को बंद किया गया है। निदेशालय द्वारा जारी पत्र अनुसार जिले से कोई ट्रेड यूनिट बंद नहीं की गई है।

### किस आईटीआई से बंद किए कितने ट्रेड यूनिट

| | |
|---|---|
| अंबाला शहर | 04 |
| भिरडाना | 01 |
| पिहोवा | 01 |
| सढौरा | 01 |
| सोनीपत | 03 |
| टोहाना | 01 |
| भिवानी | 10 |
| पानीपत | 06 |
| महम | 08 |
| पलवल | 09 |
| भोडियाखेडा | 02 |
| बरवाला | 01 |
| बेरली कलां | 02 |
| नाचरोन | 01 |
| उचाना गांव महिला | 01 |
| कंसाला | 01 |

### ठग मोबाइल पर एपीके फाइल भेजकर कर रहे ठगीः मनप्रीत सिंह सूदन

**कैथल।** साइबर अपराधी अब लोगों को ठगने के लिए नए-नए तरीके अपना रहे हैं। इसी कड़ी में साइबर ठगों द्वारा मोबाइल फोन पर एपीके फाइल भेजकर लोगों के बैंक खातों और व्यक्तिगत जानकारी तक पहुंच बनाने के मामले सामने आ रहे हैं। जिला पुलिस अधीक्षक मनप्रीत सिंह सूदन ने आमजन को इस नए साइबर फ्रॉड से सतर्क रहने की अपील करते हुए कहा कि थोड़ी सी लापरवाही लोगों को बड़ी आर्थिक हानि पहुंचा सकती है। एसपी मनप्रीत सिंह सूदन ने बताया कि साइबर एसएमएस अथवा अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से लोगों को विभिन्न प्रकार के लालच, बैंक अपडेट, ट्रैफिक चालान अथवा अन्य जरूरी कार्यों का झांसा देकर एपीके फाइल भेजते हैं।

## खबर संक्षेप

### धूमधाम से मनाया स्वानिधि महोत्सव

जींद। जिला नगर आयुक्त अनिल कुमार दून के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के सफलतापूर्वक छह वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिला जींद की नगर परिषद एवं नगरपालिकाओं में 30 जून तक लोक कल्याण मेले का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में वीरवार 25 जून को नगर परिषद जीन्द के कॉन्फ्रेंस हॉल में ष्स्वानिधि महोत्सवष् का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में लगभग 50 पथ विक्रेताओं एवं छोटे व्यवसायियों ने भाग लिया तथा अनेक लाभार्थियों ने मौके पर ही पंजीकरण करवाया।

### मंडी से गेहूं चोरी करने का आरोपित गिरफ्तार

जींद। सीआईए स्टाफ सफीदों ने पुरानी अनाज मंडी से गेहू के कट्टे चोरी करने के मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। सीआईए स्टाफ सफीदों के प्रभारी उप निरीक्षक राधेश्याम ने बताया कि सफीदों निवासी नरेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि पुरानी अनाज मंडी में स्थित उसकी दुकान से अज्ञात युवकों ने दुकान के बाहर रखे गेहू के दो कट्टे चोरी कर लिए। शिकायत के आधार पर थाना शहर सफीदों पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज किया था।

### भाविप वीर शाखा का रक्तदान शिविर 30 को

जींद। भारत विकास परिषद वीर शाखा द्वारा 30 जून को नेहरू पार्क में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसमें जिला रैडक्रास सोसायटी और पीजीआईएमएस रोहतक की टीम का सहयोग रहेगा। अध्यक्ष संजय वर्मा ने बताया कि शिविर को लेकर डीसी डा. वैशाली शर्मा को निमंत्रण दिया गया। उन्होंने कहा कि गर्मी में रक्त की कमी हो जाती है, ऐसे में आपातकालीन में आने वाले मरीजों को इलाज में रक्त की कमी महसूस हो रही है। लोगों से आग्रह किया कि रक्तदान शिविर में बढ़चढ़ कर भाग लें। शिविर में 100 यूनिट से ज्यादा रक्त एकत्रित करने का टारगेट रखा है।

### जानलेवा हमला करने के दो आरोपित गिरफ्तार

जींद। अवैध गतिविधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना सदर जींद पुलिस ने जानलेवा हमला करने के मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर रही है। थाना सदर प्रभारी कुमार ने बताया कि गांव सिंध्वीखेड़ा निवासी राजकुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके व उसके पड़ोसियों के साथ पुराने मकान को लेकर कई दिनों से विवाद चल रहा था। इसी दौरान दीपक व उसके कुछ साथियों ने उसके साथ गाली, गलौज व मारपीट की तथा बाद में उसे जान से मारने की नीयत से बाइक को कार से टक्कर मार दी।

### मकान का टूटा ताला जेवरात व नकदी चोरी

जींद। गांव सिंघाना में बीती रात चोरों ने मकान का ताला तोड़ कर सोने व चांदी के जेवरात, नगदी व अन्य सामान चोरी कर लिया। सदर थाना सफीदों पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव सिंघाना निवासी साहिल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने कमरे में सोया हुआ था। रात को चोर मकान में घुस आए और दूसरे का ताला तोड़ कर सोने की दो अंगूठी, बाली, मंगलसूत्र, छह जोड़ी चांदी के कुंडल, तगड़ी, कड़ा तथा लगभग 57 हजार रुपये की नगदी को चोरी कर लिया।

### बिजली मंत्री का आवास घेरेंगे अनुबंधित कर्मी

जींद। अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ की जिला जींद कार्यकारिणी की बैठक नरवाना के 132 केवी रेस्ट हाउस में हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मोती मोर ने की। जबकि मंच का कुशल संचालन जिला सचिव योगेश शर्मा द्वारा किया गया। बैठक में 17 जुलाई को बिजली मंत्री अनिल विज के आवास का घेराव करने का निर्णय लिया गया। जिला सचिव योगेश शर्मा ने बताया कि इस बैठक का मुख्य उद्देश्य बीते दिनों कैथल में आयोजित हुई प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक के फैसलों पर विचार विमर्श करना और संगठन की आगामी रूपरेखा तैयार करना था।

## शहर में सामाजिक संगठनों व समाजसेवियों ने 150 अलग-अलग जगहों पर मीठे पानी की छबीलें लगाई

# निर्जला एकादशी का पर्व श्रद्धा से मनाया

### छबील सेवा के दौरान लोगों में विशेष उत्साह देखने को मिला

**हमेशा दूसरों की सहायता के लिए हर पल तत्पर रहना चाहिए**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिलाभर में गुरूवार को निर्जला एकादशी का पर्व श्रद्धा से मनाया गया। शहर में सामाजिक संगठनों व समाजसेवियों द्वारा लगभग 150 अलग-अलग जगहों पर मीठे पानी की छबीलें लगाई गई। कार्यकर्ताओं ने राहगीरों के अलावा वाहनों को रोक-रोक कर पानी पिलाया। शहर में कोई ऐसी सड़क या चौक नही था, जहां मीठे पानी की छबीन समाजसेवियों, युवाओं द्वारा न लगाई गई। बच्चे भी राहगीरों तथा वाहन चालकों को रोक-रोक कर पानी पिला रहे थे। रानी तालाब तथा अर्जुन स्टेडियम के निकट युवाओं ने निर्जला एकादशी के पावन अवसर पर ठंडे पानी की छबील लगाई गई। युवाओं ने मिल कर आने-जाने वाले सभी राहगीरों को पानी पिलाया। युवाओं ने कहा कि यह एकादशी का पर्व केवल पानी पिलाने तक सीमित नही है बल्कि संपूर्ण समाज को यह सीख देता है कि हमें हमेशा दूसरों की सहायता के लिए हर पल तत्पर रहना चाहिए। यह पर्व एक-दूसरे के अंदर सहयोग की भावना जगाता है। इस तरह की पहल समाज में नैतिक मूल्यों को विकसित करती है और युवाओं के अंदर सद्भावना की प्रेरणा को जगाने में सक्षम होती है। वहीं पटियाला चौक पर शहीदे आजम युवा क्लब, गोहाना रोड पर मीठे पानी की छबील लगाई गई। यहां स्वच्छता का विशेष ध्यान रखते हुए राहगीरों द्वारा मीठा पानी पीने के बाद ग्लास एकत्रित करने के लिए अलग से युवाओं की डयूटी व ड्रम रखा था। रोहतक रोड स्थित गोयल फर्नीचर द्वारा मीठे एवं शीतल पानी की छबील लगाकर मानव सेवा का सराहनीय कार्य किया गया। इस दौरान हजारों राहगीरों, दुकानदारों, रिक्शा चालकों, मजदूरों और आम नागरिकों को ठंडा मीठा पानी पिला कर गर्मी से राहत प्रदान की गई। छबील सेवा के दौरान लोगों में विशेष उत्साह देखने को मिला। राहगीरों ने शीतल जल ग्रहण किया और इस जनसेवा कार्य की सराहना की। समाजसेवी राजकुमार गोयल ने कहा कि भीषण गर्मी में लोगों को शीतल जल उपलब्ध करवाया गया जो कि एक पुण्य कार्य है।


जींद। रोहतक रोड पर लगाई छबील में मीठा पानी पिलाते हुए।



जींद। मीठा पानी पिलाने के लिए बच्चों द्वारा लगाई गई छबील।

#### भगवान विष्णु की आराधना का विशेष महत्व

जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि पौराणिक मान्यता के अनुसार ज्येष्ठ माह की निर्जला एकादशी को पानी पिला कर सेवा करना पुण्य का भागीदार माना जाता है और इस से स्वर्ग की प्राप्ती होती है। यूं तो साल में कुल 24 एकादशी तिथियां आती हैं लेकिन ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष में पड़ने वाली एकादशी को सर्वोत्तम माना गया है। इस एकादशी को निर्जला एकादशी के नाम से जानते हैं। इस बार एकादशी पर हस्त नक्षत्र और व्यतीपात योग का संयोग रहा। जो श्रद्धालुओं के लिए बेहद शुभकारी रहा। श्रद्धालु इसी विश्वास को सार्थक करते निर्जला एकादशी पर जगह-जगह मीठे पानी की छबीलें लगाते हैं। इस दिन भगवान विष्णु की पूजा आराधना का भी विशेष महत्व है। साथ ही एकादशी के सूर्योदय से द्वादशी के सूर्योदय तक निर्जल (बिना पानी के) व्रत रखने का महत्व है। कहते हैं कि निर्जला एकादशी पर उपवा स रखकर आप पूरे वर्ष में आने वाली सभी 24 एकादशी का फल प्राप्त कर सकते हैं। इस दौरान श्रद्धालु निर्जला एकादशी का व्रत रखते हैं।

### निर्जला एकादशी पर व्यापारियों ने लगाया भंडारा



जुलाना। जुलाना कस्बे की लजवाना चुंगी पर निर्जला एकादशी के पावन अवसर पर व्यापारियों द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। धार्मिक आस्था और सेवा भाव से आयोजित इस भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। पूरे दिन भंडारे में लोगों की भारी भीड़ देखने को मिली और श्रद्धालुओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। भंडारे का शुभारंभ सुबह पूजा अर्चना के साथ किया गया। भंडारे में आसपास के गांवों और कस्बे के लोगों ने भी बड़ी संख्या में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। दुकानदार अमित शर्मा, सोनू, कर्मबीर, कपिल और हरिओम ने बताया कि निर्जला एकादशी के अवसर पर हर वर्ष बाजार के व्यापारियों द्वारा सामूहिक रूप से भंडारे का आयोजन किया जाता है। इस आयोजन का उद्देश्य धार्मिक परंपराओं को आगे बढ़ाने के साथ-साथ लोगों की सेवा करना है। उन्होंने कहा कि निर्जला एकादशी


उचाना। लाला प्रभुदयाल चौधरी धर्मशाला गेट पर लगाई ठंडे मीठे पानी की छबील।

## ठंडे व मीठे पानी की छबील लगा दिया जनसेवा का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

निर्जला एकादशी के पावन अवसर पर लाला प्रभुदयाल चौधरी धर्मशाला ट्रस्ट द्वारा शहर के रेलवे स्टेशन चौक स्थित धर्मशाला गेट पर ठंडे मीठे पानी की छबील लगाई गई। भीषण गर्मी के बीच राहगीरोंए वाहन चालकों और आमजन ने रुककर ठंडे मीठे पानी का सेवन किया तथा अपनी प्यास बुझाई। छबील सेवा के माध्यम से ट्रस्ट ने मानव सेवा, परोपकार और समाज कल्याण का प्रेरणादायी संदेश दिया। संदीप चौधरी ने बताया कि निर्जला एकादशी के अवसर पर ठंडे मीठे पानी की छबील लगाने की यह परंपरा पिछले लगभग 60 वर्षों से निरंतर चली आ रही है। भारतीय संस्कृति में जल सेवा को सबसे बड़ा पुण्य कार्य माना गया है। गर्मी के मौसम में प्यासे व्यक्ति को पानी पिलाना केवल सेवा नहीं बल्कि मानवता का धर्म भी है। इसी भावना के साथ हर वर्ष निर्जला एकादशी पर छबील लगाकर लोगों की सेवा की जाती है। उन्होंने कहा कि समाज में सेवा और सहयोग की भावना को मजबूत करने के लिए ऐसे धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन अत्यंत आवश्यक हैं। इससे नई पीढ़ी को भी मानवता, परोपकार और जरूरतमंदों की सहायता करने की प्रेरणा मिलती है। निर्जला एकादशी का पर्व केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक नहीं है बल्कि यह समाज के प्रति अपने दायित्वों को निभाने और जनकल्याण के कार्यों में भागीदारी सुनिश्चित करने का भी संदेश देता है।

### मानसिक विक्षिप्त महिला का अपहरण कर दुष्कर्म

जींद। औद्योगिक क्षेत्र के निकट से मानसिक रूप से विक्षिप्त महिला का अपहरण कर गांव जलालपुरा खेतों में दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। शहर थाना पुलिस ने महिला के पति की शिकायत पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ अपहरण, दुष्कर्म करने समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। शहर थाना इलाके के एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी 19 वर्षीय पत्नी मानसिक रूप विक्षिप्त है। जो मजदूरी करने जाती है। गत दिवस उसका पत्नी मजदूरी करने जा रही थी। औद्योगिक क्षेत्र के निकट अज्ञात स्कूटी सवार व्यक्ति ने उसकी पत्नी को जबरन अपने साथ बैठा लिया। जिसके बाद आरोपित महिला को गांव जलालपुरा खुर्द खेत में बने कमरे में ले गया और महिला के साथ दुष्कर्म किया।



जींद। पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

#### नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं

जींद। मोतीलाल नेहरू पब्लिक स्कूल में आयोजित सात दिवसीय जिला स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के चौथे दिन मुख्यअतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह अपनी नारकोटिक्स कंट्रोल टीम सहित उपस्थित रहे। पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह ने युवाओं को नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने नशे की रोकथाम, स्वास्थ्य, करियर निर्माण तथा युवाओं की सामाजिक जिम्मेदारियों जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से विचार सांझा किए। कहा कि एनएसएस स्वयंसेवकों को समाज में व्याप्त बुराइयों, विशेषकर युवाओं में बढ़ती नशाखोरी और अपराध प्रवृत्ति को समाप्त करने की जिम्मेदारी उठानी चाहिए। विद्यार्थियों को जीवन की चुनौतियों एवं समस्याओं के बारे में अपने माता-पिता से खुलकर संवाद करने तथा सही दिशा में उचित निर्णय लेने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि युवाओं की सकारात्मक सोच और जागरूकता ही समाज और राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है। कार्यक्रम के अंत में जिला एनएसएस समन्वयक हंसबीर रेढू तथा विद्यालय के प्राचार्य रविंद्र कुमार ने पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह का स्मृति चिन्ह भेंट कर आभार व्यक्त किया तथा उनके प्रेरणादायक मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद दिया।शशिकांत, श्रवण, सुरेंद्र सैनी, पवन, मनोज, सतीश, सृष्टि आदि मौजूद रहे।

## संत कबीर जयंती पर मेधावियों का होगा सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

संत शिरोमणि कबीरदास के पावन प्रकाश पर्व के अवसर पर 29 जून को संत कबीर छात्रावास एवं लाइब्रेरी, संत कबीर मार्ग, अशरफगढ़ में आयोजित किया जाएगा। समारोह में समाज की प्रतिभाशाली बेटियों एवं बेटों को मुख्य अतिथियों द्वारा विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा। समारोह में वर्ष 2025 एवं 2026 के दौरान नीट, जेईई, सीईटी, यूपीएससी, एचएसएससी, एसएससी, बैंकिंग, रेलवे, पुलिस, सेना तथा अन्य राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं के माध्यम से सरकारी अथवा प्रतिष्ठित संस्थानों में चयनित युवाओं एवं युवतियों को भी सम्मानित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त वर्ष 2026 में 10वीं, 12वीं, स्नातक, विश्वविद्यालय एवं बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले तथा मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया जाएगा। सम्मान प्राप्त करने के इच्छुक सभी प्रतिभाशाली विद्यार्थी एवं चयनित युवा व युवतियां 29 जून को अपने शैक्षणिक प्रमाण पत्र, चयन पत्र अथवा उपलब्धि से संबंधित दस्तावेज साथ लेकर समारोह स्थल पर पहुंचें ताकि सम्मान हेतु उनके नाम का चयन किया जा सके। समारोह की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। आयोजन समिति द्वारा अनुसूचित जाति के सभी समाजों के साथ-साथ अन्य समाजों के गणमान्य नागरिकों, सामाजिक संगठनों एवं समाजसेवियों से व्यापक जनसंपर्क कर अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में पहुंचने का आग्रह किया जा रहा है। समारोह में सांसद सतपाल ब्रह्मचारी एवं राज्यसभा सांसद कर्मवीर सिंह बौद्ध मुख्यअतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। वहीं पूर्व सांसद डा. सुशील इंदौरा, विधायक विनेश फोगाट, विधायक शकुंतला खटक, विधायक कुलदीप वत्स तथा कांग्रेस जिला अध्यक्ष रिषिपाल हैबतपुर विशिष्ट अतिथि के रूप में समारोह शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संत कबीर महासभा जींद के प्रधान सतबीर सिंह लाडवाल करेंगे।


जींद। कार्यक्रम के लिए निमंत्रण देते संस्था सदस्य। फोटो :हरिभूमि


जींद। बैठक में नारेबाजी करते बिजली निगम कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

### कर्मचारी विरोधी नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी

जींद। एचएसईबी वर्कर यूनियन की बैठक सब डिविजन नंबर दो में सब यूनिट प्रधान वजीर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का संचालन सब यूनिट सचिव विशाल रेढू ने किया। बैठक में सरकार की कर्मचारी विरोधी नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रधान वजीर ने बताया कि बैठक का उद्देश्य केंद्रीय परिषद के आह्वान पर हरियाणा सरकार के खिलाफ 14 सूत्रीय मांग को लेकर की गई हमारी केंद्रीय परिषद के आह्वान पर बैठक के द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया। यदि सरकार ने समय रहते इस 14 सुत्रीय मांग पर संज्ञान नही लिया तो यूनियन किसी भी हद तक जा सकती है। यदि किसी भी प्रकार की शांति भंग होती है तो उसकी सारी जिम्मेवारी निगम मैनेजमेंट की की होगी। जब तक उनकी मांगे पूरी नही होती तब तक विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। बैठक में यूनिट प्रधान हरिओम, सुभाष जेई, पाला राम जेई, संदीप, बलवान शर्मा, प्रदीप, अजय बराड, विकास, रमेश, रमनदीप जेई, प्रवीन, नवीन, सतीश लाइनमैन, जयकिशन, नरेश लाइनमैन, संजय लाइन मैन इत्यादि ने संबोधित किया।

## समस्याओं का समाधान करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री लगातार अपने आवास पर जनता दरबार लगाकर लोगों से सीधा संवाद कर रहे हैं। विधायक अपने दिन की शुरूआत जनता दरबार से करते है। प्रतिदिन 300 से 400 लोग अपनी समस्याएं और मांगें लेकर पहुंच रहे हैं, जिनकी विधायक स्वयं सुनवाई कर संबंधित विभागों के अधिकारियों को समाधान के निर्देश दे रहे हैं। विधायक ने कहा कि जनता की सेवा और उनकी समस्याओं का समाधान उनकी प्राथमिकता है। जनता दरबार के माध्यम से आमजन को अपनी बात सीधे रखने का अवसर मिल रहा है, जिससे समस्याओं का त्वरित निस्तारण भी संभव हो रहा है। प्रदेश सरकार की जनहितैषी योजनाओं और नीतियों की जानकारी भी लोगों तक पहुंचाई जा रही है ताकि पात्र व्यक्ति इनका लाभ उठा सकें। अत्री ने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान उन्होंने उचाना हलके के लोगों से विकसित उचाना बनाने का जो संकल्प लिया था, उसे पूरा करने के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देने के साथ-साथ शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पेयजल और अन्य मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। जनता का विश्वास और सहयोग ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है।


उचाना। आमजन की समस्या सुनते विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री।


जींद। तुलसी के पौधे रोपित करते संस्था सदस्य। फोटो :हरिभूमि

### तुलसी बगीची का 15 पार्कों में करवाया जाएगा निर्माण

जींद। निर्जला एकादशी के उपलक्ष में जेसीआई एलुमनी क्लब जींद रीजन द्वारा सृष्टि भी, संस्कार भी कार्यक्रम के तहत एवं सेवा भारती द्वारा मिलकर तुलसी बगीची का निर्माण किया गया। जिसमें अन्ना टीम के सदस्य प्रवीण एवं मुकेश द्वारा 151 तुलसी के पौधों के साथ अटल पार्क में एक भव्य तुलसी बगीची की पूजा अर्चना कर वहां पर आए हुए सभी मजदूर एवं भ्रमण करने आए लोगों को प्रसाद वितरित करके किया। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि राजेंद्र बिढान द्वारा जेसीआई के प्रयासों की भरपूर प्रशंसा की। आगे भी इस प्रकार के कार्यक्रमों में सहयोग करने की बात कही। जेसीआई एल्यूमिनी क्लब के अध्यक्ष प्रमोद गर्ग एवं क्लब के पीआरओ अशोक खर्ब ने बताया कि यह अभियान के तहत जींद शहर के लगभग 15 पार्कों के अंदर ऐसी ही बगीची का निर्माण करवाया जाएगा। सेवा भारती के सचिव बलजिंदर सिंगला एवं कोषाध्यक्ष दशरथ ने बताया निर्जला एकादशी पर तुलसी बगीची का निर्माण विशेष महत्व रखता है। क्योंकि हिंदू शास्त्रों में भी बताया गया है कि निर्जला एकादशी के दिन भगवान विष्णु को तुलसी अर्पित करना पिछले कई जन्मों के पापों से मुक्ति दिलाता है तथा आसपास के वातावरण को शुद्ध एवं स्वच्छ रखता है।

## जिले में 28 से 30 जून तक चलाया जाएगा पल्स पोलियो अभियान

# 0 से 5 वर्ष तक के लगभग एक लाख 38 हजार 44 बच्चों को पोलियो रोधी दवाई पिलाने का रखा लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

डीसी डा. वैशाली शर्मा ने 28 से 30 जून तक पल्स पोलियो अभियान के सफल क्रियान्वयन को लेकर वीरवार को लघु सचिवालय सभागार में बैठक की। डीसी डा. वैशाली शर्मा ने बताया कि पल्स पोलियो अभियान के अंतर्गत 28 जून को बुथ एक्टिविटी के तहत तथा 29 व 30 जून को घर-घर पोलियो ड्रॉप पिलाई जाएगी। इस अभियान के अंतर्गत जिला में 812 बूथों पर 0 से 5 वर्ष तक के लगभग एक लाख 38 हजार 44 बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाई जाएगी। इसके अतिरिक्त अति संवेदनशील एरिया जैसे झुग्गी झोपड़ी, भट्टे, निर्माणाधीन भवनों इत्यादि पर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने के लिए 85 मोबाइल टीम लगाई गई हैं तथा बस स्टैंड व रेलवे स्टेशन आदि स्थानों पर भी पोलियो रोधी दवा पिलाने के टीमें लगाई गई है। डीसी ने स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ संबंधित विभागों के अधिकारियों को कहा कि आपसी समन्वय स्थापित करते हुए अभियान को सफल बनाएं। सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर भी पोलियो रोधी दवाई पिलानी सुनिश्चित की जाए। जिला में 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाई जाए। उन्होंने कहा कि सभी सरपंचो को बूथ को इनौगरेट करने के लिए कहे ताकि लोगों को जागरूक किया जा सके।


जींद। बैठक में दिशा-निर्देश देते हुए डीसी डॉ.वैशाली। फोटो :हरिभूमि

#### टीम घर-घर पिलाएंगी पोलियो ड्रॉप

सीएमओ डा. सुमन कोहली ने बताया कि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार जिला में चलाए जाने वाले पल्स पोलियो अभियान को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने पूरी तैयारी कर ली है। पहले दिन बूथ पर पोलियो की दवाई पिलाई जाएगी। दूसरे व तीसरे दिन टीमें घर घर जाकर छूट गए बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी।


उचाना। समर कैंप में हिस्सा लेते बच्चे। फोटो :हरिभूमि

### समर कैंप में बच्चों ने लिया रचनात्मक गतिविधियों का आनंद

उचाना। उचाना सर्वोदय वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा आयोजित समर कैंप के पांचवें दिन बच्चों के लिए विभिन्न मनोरंजक एवं रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में संजय खटकड़ उपस्थित रहे। नाथ जी प्राइवेट आईटीआई के प्रधानाचार्य सुशील श्योकंद भी मौजूद रहे। बच्चों ने विभिन्न खेलों, मनोरंजन गतिविधियों एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। संजय खटकड ने कहा कि ऐसे कैंप बच्चों के सर्वांगीण विकास, आत्मविश्वास बढ़ाने और नई प्रतिभाओं को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सुशील श्योकंद ने कहा कि शिक्षा के साथ.साथ रचनात्मक एवं सामाजिक गतिविधियां बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण में सहायक होती हैं। उचाना सर्वोदय वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा आयोजित समर कैंप बच्चों को सीखनेए आगे बढने और अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने का एक बेहतर मंच प्रदान कर रहा है।

## खबर संक्षेप



गुहला-चीका। नायब तहसीलदार बलराज मलिक लोगों की शिकायत सुनते हुए।

### नायब तहसीलदार ने सुनीं लोगों की शिकायतें

**गुहला-चीका।** वीरवार को एसडीएम कार्यालय में समाधान शिविर की अध्यक्षता नायब तहसीलदार बलराज मलिक ने की। उन्होंने आमजन की शिकायतों व समस्याओं को सुन संबंधित विभागों के अधिकारियों को जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। नायब तहसीलदार ने कहा कि आमजन को परेशानी न हो, इस सोच के साथ उनकी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि आमजन समाधान शिविरों में पहुंचकर अपनी समस्याएं का निपटान मौके पर ही करवा सकते हैं।



कैथल। यज्ञ में आहुति डालते योग साधक व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### यज्ञ हमारी प्राचीन वैदिक संस्कृति का हिस्सा

**कैथल।** सेक्टर 20 हुड्डा पार्क में आर्य समाज की नेत्री रजनी आर्य व सुनीता गुप्ता द्वारा यज्ञ का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य यजमान के रूप में भारत स्वाभिमान प्रभारी रामचरण व पत्नी नीलम पहुंचे। यज्ञ के ब्रह्म पंडित योगेश्वर दत्त रहे। रामचरण ने कहा कि यज्ञ हमारी पुरातन वैदिक संस्कृति का हिस्सा है। हमें अपने घरों में नियमित अगर नहीं कर सकते तो साप्ताहिक यज्ञ अवश्य करना चाहिए और हमें अपने घमंड को हवन कुंड में स्वाहा कर देना चाहिए। तभी हमें इसका आध्यात्मिक लाभ मिल सकता है। आर्य समाज की नेत्री रजनी गुप्ता ने कहा की ऋषि दयानंद के विचारों को जन-जन तक पहुंचाना है।



पूंडरी। जानकारी देते प्रमुख आढ़ती एवं बर्फानी सेवा मंडल के सेवादार नरेश कुमार गर्ग।

### बाबा बर्फानी की सेवा के लिए पूंडरी तैयार

**पूंडरी।** श्री अमरनाथ यात्रा के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं की सेवा के लिए बर्फानी सेवा मंडल कैथल द्वारा लगाए जाने वाले 32वें विशाल भंडारे को लेकर क्षेत्र में धार्मिक उत्साह चरम पर है। मंडल के प्रमुख सेवादार एवं अनाज मंडी पूंडरी स्थित फर्म प्रीतम लाल नरेश कुमार के प्रमुख आढ़ती नरेश कुमार गर्ग ने बताया कि इस वर्ष भी बाबा बर्फानी के श्रद्धालुओं की सेवा के उद्देश्य से बालटाल में 3 जुलाई से 28 अगस्त तक विशाल निःशुल्क भंडारा संचालित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 28 जून को अर्जुन नगर, अफगान पट्टी (कैथल) स्थित मंडल धर्मशाला में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन-पूजन के साथ सेवा सामग्री से लदे वाहनों एवं सेवादारों के जत्थे को विधिवत रवाना किया जाएगा।

# समाधान शिविर का उद्देश्य लोगों को राहत देना, बेवजह देरी न करें

## शिविर में आईं पेंशन, विवाह शगुन योजना तथा पंचायत भूमि पर कब्जे संबंधी शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम संजय कुमार ने आमजन की शिकायतों की सुनवाई की। शिविर में सामाजिक सुरक्षा पेंशन, मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना तथा पंचायत भूमि से संबंधित मामलों पर सुनवाई करते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। एसडीएम संजय कुमार ने कहा कि समाधान शिविर का उद्देश्य नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध एवं पारदर्शी समाधान सुनिश्चित करना है। इसलिए प्रत्येक शिकायत का गंभीरता से निस्तारण किया जाए तथा किसी भी स्तर पर अनावश्यक देरी न होने दी जाए। शिविर में गांव डीग निवासी एक महिला ने आधार विवरण में त्रुटि के कारण सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ नहीं मिलने संबंधी शिकायत प्रस्तुत की। इसी प्रकार गांव पूंडरी निवासी एक बुजुर्ग ने वृद्धावस्था सम्मान भत्ता के लंबित एरियर के भुगतान संबंधी



कैथल। एसडीएम संजय कुमार समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते हुए। फोटो : हरिभूमि

शिकायत रखी। दोनों मामलों में एसडीएम ने समाज कल्याण विभाग को जांच कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एक अन्य मामले में कैथल निवासी महिला ने मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के लाभ से वंचित रहने संबंधी शिकायत प्रस्तुत की। इसी प्रकार गांव थेह बनेड़ा निवासी एक व्यक्ति ने पंचायत भूमि पर कथित अतिक्रमण की आशंका संबंधी शिकायत रखी। इस पर जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी तथा अधिकारियों को मौके की स्थिति की जांच कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। वहीं सीवन गेट हिन्दू स्कूल के पीछे सराह स्थित एक व्यक्ति ने उनके क्षेत्र में आवारा कुत्तों से संबंधित समस्या रखी और बताया कि कुत्ते ने पहले उसके बेटे को काटा और अब उसकी बेटी को। इसलिए इस समस्या का जल्द समाधान किया जाए। एसडीएम ने नगर परिषद के अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

### जनहित के मुद्दे पहले देखें

एसडीएम संजय कुमार ने कहा कि प्रत्येक सोमवार व वीरवार को जिला एवं उप मंडल स्तर पर सुबह 10 बजे से 12 बजे तक समाधान शिविर का आयोजन किया जाता है। इसके बाद हर शुक्रवार को प्रत्येक शिकायत की नियमित समीक्षा की जा रही है और अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि जनहित से जुड़े मामलों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## न्यूज डायरी



सीवन। निर्जला एकादशी पर शीतल मीठे जल की छबील में सेवा करते सेवादार।

### निर्जला एकादशी पर छबील लगाकर की सेवा

**सीवन।** निर्जला एकादशी के अवसर पर नगर में कई स्थानों पर समाजसेवियों द्वारा शीतल मीठे जल की छबील लगाकर राहगीरों की सेवा की गई। नगर के सीवन-पटियाला मुख्य मार्ग पर लगाई छबील में कार्यक्रम का शुभारंभ हवन-यज्ञ के साथ हुआ। अग्रवाल सभा सीवन के प्रधान सुमेश बंसल ने कहा कि निर्जला एकादशी का पर्व सेवा, परोपकार और मानव कल्याण का संदेश देता है। सीवन के पैक्स चौक में भी समाज सेवियों द्वारा जल जीरे की छबील लगाई गई। इस अवसर पर कृष्ण बंसल, जोगिंदर मिड्ढा, रवि मिड्ढा, रामपाल बंसल, जीत कामरा, बलराज बंसल, टिंका बंसल, रिंकू बंसल सहित अनेक व्यक्ति एवं सेवादार उपस्थित रहे।



राजौंद। नगर खेड़े पर गन्ने के जूस की छबील लगाकर सेवा करते श्रद्धालु।

### निर्जला एकादशी पर पिलाया मीठा जल

**राजौंद।** पवित्र निर्जला एकादशी के अवसर पर शहर में श्रद्धा, सेवा और दान-पुण्य का अद्भुत संगम देखने को मिला। सुबह से ही लोगों ने बढ़-चढ़कर दान किया और पुण्य अर्जित किया। जगह-जगह सामाजिक संगठनों व श्रद्धालुओं द्वारा ठंडे मीठे पानी की छबील लगाई गई, जहां राहगीरों को भीषण गर्मी से राहत दिलाई गई। शहर के प्रमुख धार्मिक स्थल दुर्गा मंदिर में भी दान देने वालों की लंबी कतारें लगी रहीं। श्रद्धालुओं ने मटकी, आम, पंखे, खरबूजे, शर्बत सहित विभिन्न वस्तुओं का दान किया। पूरे दिन मंदिर परिसर में धार्मिक माहौल बना रहा और भक्तों ने भगवान के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। इसके अलावा सामाजिक संगठनों द्वारा शहर के नगर खेड़े पर गन्ने के जूस की छबील लगाई गई, जहां लोगों को ठंडा गन्ने का जूस पिलाकर सेवा कार्य किया गया। गर्मी के बीच इस सेवा को लोगों ने खूब सराहा और आयोजकों का धन्यवाद किया।



राजौंद। श्री नर नारायण सेवा समिति के सदस्य पौधरोपण करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### निर्जला एकादशी पर गोसेवा व पौधरोपण

**कैथल।** श्री नर नारायण सेवा समिति द्वारा आज निर्जला एकादशी पर जींद रोड स्थित श्री राधा कृष्ण गोशाला में विशाल गो ग्रास सेवा और पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सुबह से ही भारी संख्या में शहरवासियों ने परिवार सहित पहुंचकर सेवा में हाथ बंटाया। इस दौरान गो माता के लिए 34 से 35 क्विंटल तरबूज और घिया की सेवा की गई, जिसे उपस्थित माताओं, बहनों और युवाओं ने काटा। जीव सेवा के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए गोशाला परिसर में पौधे भी रोपे गए। नई पीढ़ी को सनातन संस्कारों से जोड़ने के लिए बच्चों व महिलाओं के लिए लकी ड्रा निकाला गया, जिसमें उपहार स्वरूप गो माता का स्वरूप भेंट किया गया। समिति के पदाधिकारियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए श्री राधा कृष्ण गोशाला समिति के प्रबंधकों और सेवादारों का आभार व्यक्त किया।



राजौंद। भंडारे में सेवा करते सेवादार। फोटो : हरिभूमि

### श्री साईं रसोई सेवा समिति ने बांटा प्रसाद

**कैथल।** निर्जला एकादशी के पावन एवं पुण्यदायी अवसर पर श्री साईं रसोई सेवा समिति, कैथल द्वारा बालाजी मंदिर, के बाहर पार्क रोड श्रद्धालुओं के लिए व्रत आलू प्रसाद वितरण सेवा का भव्य आयोजन किया गया। समिति की प्रधान प्रिया ठकराल ने बताया कि साईं बाबा ने सदैव मानव सेवा को ही सच्ची ईश्वर सेवा बताया है। इस अवसर पर समिति की उपप्रधान शालू कालड़ा, गीता कालड़ा, जोगिंद्र कालड़ा, अमित कालड़ा, ललित ठकराल, साईं मंदिर के पूर्व अध्यक्ष नवीन मल्होत्रा, जगदीश पंवार, रोबिन खुराना, रिंकू गाबा, दीपक सलूजा, राजेश गाबा, रमेश, जगन्नाथ मदान, सुनील गुलाटी एवं दीपक चौधरी सहित अनेक साईं भक्त -एवं सेवादार उपस्थित रहे।

### निर्जला एकादशी संयम, सेवा व भक्ति का पर्व



संत छविराम दास

**सीवन।** प्रसिद्ध संत, श्रीमद्भागवत कथा प्रवक्ता एवं सनातन धर्म प्रचारक संत छविराम दास महाराज ने कहा कि निर्जला एकादशी का पर्व श्रद्धा, संयम, सेवा और प्रभु भक्ति का संदेश देता है। इस दिन श्रद्धालु व्रत, पूजा-पाठ और दान-पुण्य कर भगवान विष्णु का स्मरण करते हैं। उन्होंने कहा कि निर्जला एकादशी का महत्व केवल उपवास तक सीमित नहीं है, बल्कि यह आत्मिक शुद्धि और मानव सेवा की प्रेरणा भी देती है। प्यासे को जल पिलाना, जरूरतमंदों की सहायता करना और प्रभु नाम का स्मरण करना इस पर्व की वास्तविक भावना है। संत छविराम दास महाराज ने कहा कि एकादशी के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मंदिरों में पहुंचकर भगवान का पूजन-अर्चन किया तथा परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। धार्मिक स्थलों पर श्रद्धा और आस्था का वातावरण देखने को मिला।

### धान की डीएसआर विधि अपनाने वाले किसानों को मिलेगा 4500 रुपये प्रति एकड़ अनुदान



अपराजिता

**कैथल।** डीसी अपराजिता ने जिले के किसानों से धान की सीधी बिजाई (डीएसआर) तकनीक अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि यह विधि पानी की बचत और बेहतर पैदावार के लिए अत्यंत लाभकारी है। राज्य सरकार द्वारा डीएसआर विधि से धान की बिजाई करने वाले किसानों को भौतिक सत्यापन उपरांत 4500 रुपये प्रति एकड़ का अनुदान प्रदान किया जाएगा। डीसी ने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए किसानों का मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य है। जिले में इस वर्ष 15 हजार एकड़ क्षेत्र में धान की सीधी बिजाई का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि डीएसआर तकनीक से धान की खेती करने पर भूजल की खपत में उल्लेखनीय कमी आती है, जिससे गिरते जलस्तर को सुधारने में मदद मिलती है। साथ ही किसानों का समय, श्रम और खेती की लागत भी कम होती है। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक डॉ. रविंद्र कुमार ने बताया कि धान की सीधी बिजाई को बढ़ावा देने के लिए सरकार आधुनिक डीएसआर मशीनों की खरीद पर भी अनुदान प्रदान कर रही है। किसानों को मशीन के कुल मूल्य का 50 प्रतिशत अथवा अधिकतम 40 हजार रुपये (जो भी कम हो) तक अनुदान दिया जाएगा। इसके लिए विभागीय पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना होता है।



राजौंद। नेशनल गोल्ड मेडल जीतने पर सगनदीप कौर का स्वागत करते हुए।

### नेशनल जूडो स्पर्धा में सगनदीप ने जीता गोल्ड

**राजौंद।** छत्तीसगढ़ में आयोजित नेशनल जूडो प्रतियोगिता में राजौंद की बेटी सगनदीप कौर ने गोल्ड मेडल जीतकर नाम रोशन किया है। गांव के सभी लोगों ने महाराणा प्रताप चौक पर शहर की बेटी का जोरदार स्वागत किया। इस दौरान पूरे शहर में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। ग्रामीणों ने कहा कि सगनदीप कौर ने अपने परिवार के साथ-साथ पूरे राजौंद शहर और कैथल जिले को गौरवान्वित किया है। उनकी सफलता से शहर की अन्य बेटियों को भी आगे बढ़ने और खेलों में नाम कमाने की प्रेरणा मिलेगी। इस दौरान लोगों ने सरकार से मांग की कि ऐसी प्रतिभाओं को और निखारने के लिए बेहतर खेल स्टेडियम व खेल सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएं, ताकि बच्चों को अभ्यास के लिए अपने शहर से बाहर न जाना पड़े और वे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन कर सकें। सगनदीप कौर को बधाई देने वालों में सोनू वर्मा इनेलो ओबीसी मोर्चा जिला प्रधान, नरेश कुमार पंवार, राकेश राणा संघर्ष समिति प्रधान, नरेंद्र कोच, रामनिवास शर्मा, हैप्पी पंवार, विजय पंवार सहित गांव के अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# एनआईआईएलएम विवि में बीए, एलएलबी ऑनर्स बीकाम एलएलबी ऑनर्स पाठ्यक्रमों की शुरुआत

- बार काउंसिल ऑफ इंडिया की स्वीकृति के बाद विश्वविद्यालय ने शुरू किए नए पाठ्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

गुणवत्तापूर्ण एवं रोजगारोन्मुख शिक्षा के अपने संकल्प को आगे बढ़ाते हुए एनआईआईएलएम विश्वविद्यालय, कैथल ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए विधि शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है।

विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ लॉ द्वारा बार काउंसिल ऑफ इंडिया की स्वीकृति के साथ में बीए, एलएलबी होनर्स, एवं बीकाम एलएलबी होनर्स, एलएलबी तथा एलएलएम पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। विशेष रूप से में बीए, एलएलबी होनर्स, एवं बीकाम एलएलबी होनर्स जैसे नवीन कार्यक्रम विद्यार्थियों को कानून के साथ-साथ प्रबंधन और वाणिज्य की गहन समझ प्रदान करेंगे, जिससे उनके लिए राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर करियर के अनेक नए अवसर खुलेंगे। आज के प्रतिस्पर्धी और तेजी से बदलते व्यावसायिक परिवेश में केवल कानूनी ज्ञान पर्याप्त नहीं माना जाता, बल्कि कॉर्पोरेट जगत की समझ भी उतनी ही आवश्यक है। इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय ने ऐसे समन्वित पाठ्यक्रम तैयार किए हैं जो विद्यार्थियों को विधि, व्यवसाय प्रबंधन और वाणिज्य के बहुआयामी ज्ञान से सुसज्जित करेंगे। इन पाठ्यक्रमों के माध्यम से छात्र न केवल न्यायपालिका और वकालत के क्षेत्र में बल्कि कॉर्पोरेट लॉ, बैंकिंग, कराधान, विधिक परामर्श, प्रशासनिक सेवाओं और बहुराष्ट्रीय कंपनियों में भी उत्कृष्ट करियर बना सकेंगे।एनआईआईएलएम विवि का स्कूल ऑफ लॉ विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षण पद्धति, व्यावहारिक प्रशिक्षण और पेशेवर अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।



राजौंद। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पल्स पोलियो अभियान को लेकर आयोजित बैठक में मौजूद स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### पल्स पोलियो अभियान को लेकर हुई बैठक

**राजौंद।** सिविल सर्जन डॉ. रेनू चावला के निर्देशानुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजौंद में पल्स पोलियो अभियान को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता डॉ. संदीप सिंह ने की, जिसमें स्वास्थ्य विभाग के सभी कर्मचारियों ने भाग लिया।बैठक में बताया गया कि सरकार के निर्देशानुसार 28 जून से 30 जून तक राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो रोधी दवा की बूंदें पिलाई जाएंगी। राजौंद ब्लॉक में करीब साढ़े 12 हजार बच्चों को दवा पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।डॉ. संदीप सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि 28 जून रविवार को स्वास्थ्य कर्मी पोलियो बूथ पर बैठकर बच्चों को दवा पिलाएंगे, जबकि 29 व 30 जून को घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों को कवर किया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिए कि अभियान के दौरान कोई भी बच्चा दवा से वंचित नहीं रहना चाहिए, इसके लिए आवश्यक होने पर घर घर बार बार विजिट की जाए। उन्होंने अभिभावकों से अपील कि वह रविवार को अपने बच्चों को नजदीकी पोलियो बूथ पर अवश्य लेकर आएं, ताकि उन्हें सही तरीके से दवा पिलाई जा सके। उन्होंने बताया कि अगले दिनों में घर-घर जाकर दवा पिलाने के दौरान गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है, इसलिए बूथों पर दवा पिलाना अधिक प्रभावी रहेगा। इस अभियान को सफल बनाने के लिए राजौंद ब्लॉक में 70 पोलियो बूथ, 4 मोबाइल टीमें और 5 ट्रांजिट टीमें गठित की गई हैं।बैठक के दौरान स्वास्थ्य निरीक्षक जितेंद्र सिंह, कुलदीप कुमार, राजेश कुमार तथा खंड विस्तार शिक्षक श्रीमती सुदेश भी उपस्थित रहे।

# शिरडी की गलियों में साईं नाम का जयघोष, निकाली पालकी यात्रा

- साईं भक्ति, सेवा और समर्पण की अद्भुत मिसाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सीवन

श्री साईं बाबा जी की अपार कृपा एवं दिव्य आशीर्वाद से पावन नगरी शिरडी में श्री साईं रसोई सेवा समिति कैथल द्वारा भव्य एवं दिव्य साईं पालकी यात्रा का सफल आयोजन किया गया। इस आध्यात्मिक यात्रा में कैथल, करनाल, संगरूर, फरीदाबाद एवं चेन्नई सहित विभिन्न स्थानों से पधारी संगत एवं श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। श्रद्धालुओं ने श्रद्धा और सबूरी के भाव के साथ साईं बाबा के चरणों में अपनी आस्था अर्पित की। साईं पालकी यात्रा का शुभारंभ होटल मनडई पैलेस से हुआ। ढोल-नगाड़ों, साईं जयकारों एवं भजन-कीर्तन की मधुर ध्वनि से पूरा वातावरण साईंमय हो गया। श्रद्धालुओं के चेहरे पर भक्ति की चमक और हृदय में सेवा का भाव स्पष्ट दिखाई दे रहा था।



सीवन। साईं पालकी यात्रा में भाग लेते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

### यात्रा के दौरान भजन-कीर्तन में लीन रहे श्रद्धालु

यात्रा का मार्ग होटल मनडई पैलेस से श्री खंडोबा मंदिर, श्री द्वारकामाई, श्री चावड़ी होते हुए पुनः होटल मनडई पैलेस तक रहा। यात्रा के दौरान श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए नृत्य में लीन रहे तथा पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं द्वारा भव्य पुष्प वर्षा कर साईं पालकी का स्वागत किया गया, जिससे वातावरण भक्तिमय एवं अलौकिक बन गया। इस अवसर पर श्री साई संस्थान, ट्रस्ट शिरडी के सीईओ की धर्मपत्नी एवं डिप्टी सीईओ की धर्मपत्नी ने भी पालकी यात्रा में विशेष रूप से सहभागिता कर साईं बाबा के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। उनकी उपस्थिति ने आयोजन की गरिमा को और बढ़ाया। श्री खंडोबा मंदिर प्रांगण में श्रद्धालुओं के लिए प्रेम, सेवा और समर्पण भाव से तैयार किया गया खिचड़ी प्रसाद वितरित किया गया। बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने इस प्रसाद को साईं बाबा की कृपा स्वरूप ग्रहण किया। यह यात्रा केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि साईं बाबा के प्रति अटूट श्रद्धा, समर्पण और निस्वार्थ सेवा भाव का जीवंत उदाहरण रही। इस पावन आयोजन ने सभी श्रद्धालुओं को प्रेम, एकता, भाईचारे और भक्ति के सूत्र में बांध दिया।

**सख्ती** डीसी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग से हुई बैठक में आला अधिकारियों को दिए निर्देश

# ड्रेनों-नालों की सफाई का करें मौका मुआयना, फिर दें रिपोर्ट, आपके पास बस मंगलवार तक का समय

**कहा- सभी विभागों के जिम्मेदार अपने हिस्से के कार्य को सौ फीसदी पूरा करवाएं**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

डीसी अपराजिता ने कहा कि मानसून से पहले जिले के सभी आला अधिकारी उन्हें आबंटित किए गए क्षेत्र में ड्रेनों, नालों, नालियों की सफाई के कार्य का निरीक्षण करें और मंगलवार तक इस संबंध में रिपोर्ट दें।



कैथल। डीसी अपराजिता अधिकारियों की बैठक लेते हुए फोटो : हरिभूमि

साथ ही सभी अलग-अलग विभागों के अधिकारी मानसून शुरू होने से पहले निर्धारित अवधि में अपने-अपने विभाग से संबंधित ड्रेनों, नालें एवं नालियों की शत-प्रतिशत सफाई सुनिश्चित करवाएं। डीसी अपराजिता वीरवार को लघु सचिवालय स्थित वीडियो कांफ्रेंसिंग रूम में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रही थीं। बैठक से पूर्व हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने वीसी के माध्यम से मानसून सीजन की तैयारियों को लेकर सभी जिला उपायुक्तों को आवश्यक निर्देश जारी किए। राज्यस्तरीय वीसी में जिला उपायुक्त अपराजिता के मार्गदर्शन में कैथल में ड्रेनों,नाले-नालियों की सफाई कार्य की सराहना की गई।

### बरसात में न हो जलभराव

डीसी ने सिंचाई, स्थानीय निकाय, जनस्वास्थ्य सहित संबंधित विभागों से उपलब्ध किश्तियों, पंप हाउस, पाइपलाइन तथा बाढ़ नियंत्रण उपकरणों की स्थिति व संख्या को लेकर भी आवश्यक जानकारी हासिल की। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी सुनिश्चित करें कि ये उपकरण चालू हालत में हों। बारिश के मौसम में जिले में कहीं भी जलभराव की स्थिति उत्पन्न नहीं होनी चाहिए। इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और बरसात शुरू होने से पहले आवश्यक उपकरण, मशीनरी तथा संसाधनों को पूरी तरह तैयार रखें। इस अवसर पर जिला नगरायुक्त कपिल शर्मा, ईओ एचएसवीपी वकील अहमद, सिंचाई विभाग के अधीक्षक अभियंता नीरज शर्मा, ईओ नगर परिषद कैथल संदीप सोलंकी सहित जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारी भी मौजूद थे।

### सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर टीबी मुक्त 85 परिवारों में लौटी मुस्कान

**कैथल।** टीबी से मुक्ति के लिए प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान पूरे देश में चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में सांसद नवीन जिन्दल के सहयोग से कुरुक्षेत्र और कैथल में 100 निःक्षय मित्रों को चिन्हित कर टीबी मरीजों को गोद लिया गया था। दोनों जिलों में उपचार के दौरान उन्हें पोषण और मार्गदर्शन उपलब्ध कराया गया था। मुहिम के परिणामस्वरूप दोनों जिलों में सहयोग प्राप्त करने वाले 100 में से 85 मरीज सफलतापूर्वक इलाज पूरा कर चुके हैं। ये मरीज अब टीबी मुक्त होकर स्वस्थ जीवन की ओर लौट चुके हैं तथा समाज की मुख्यधारा से जुड़ गए हैं। सांसद जिन्दल के कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत चयनित मरीजों को लगातार 6 महीने तक पोषण सामग्री उपलब्ध कराई गई थी।



## खबर संक्षेप

### अनुबंधित विद्युत कर्मियों का विरोध तेज

**राजौंद।** अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ हरियाणा के बैनर तले कर्मचारियों का विरोध लगातार दूसरे दिन भी जारी रहा। सब डिवीजन राजौंद के कर्मचारियों ने उपमंडल अधिकारी के कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया। धरने के दौरान आयोजित गेट मीटिंग की अध्यक्षता पूर्व सचिव सुनीता मैडम ने की,जबकि मंच संचालन पूर्व कैशियर मनीष कुमार ने किया।

### जरूरतमंदों की मदद को आगे आएं : रमेश कोटड़ा

**उचाना।** उचाना में आयोजित धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम में प्रमुख समाजसेवी रमेश कोटड़ा ने शिरकत की। पूर्व पार्षद विनोद शर्मा ने उनका गर्मजोशी से स्वागत एवं सम्मान किया। रमेश कोटड़ा ने कहा कि मनुष्य जीवन अनमोल है। यह बार-बार नहीं मिलता। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में अच्छे कर्म करने चाहिए तथा जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए हमेशा तत्पर रहना चाहिए।

### विद्यार्थियों को बताए आग बुझाने के तरीके

**जींद।** जिला पुस्तकालय में अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें पुस्तकालय स्टाफ, सदस्य, पाठकगण एवं इंटर्नशिप छात्र व छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अग्नि सुरक्षा अधिकारी सतपाल एवं राममेहर द्वारा किया गया। कार्यक्रम में आग लगने के कारण और उन पर काबू पाने के उपाय बताए गए।

### आपातकाल लोकतंत्र का काला अध्याय : जाम्बा

**पूंडरी।** आपातकाल की वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में पुंडरी के विधायक सतपाल जाम्बा ने लोकतंत्र सेनानियों को नमन करते हुए कहा कि 25 जून 1975 का दिन भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का सबसे काला अध्याय था। जाम्बा ने कहा कि आपातकाल केवल एक राजनीतिक निर्णय नहीं था, बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था और संविधान की मूल भावना पर सीधा हमला था। उस दौर में प्रेस पर सेंसरशिप लगाई गई, लोगों को जेलों में डाला गया।

### चानौत में दमनात्मक कार्रवाई की निंदा की

**कैथल।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) राज्य कमेटी हरियाणा ने चानौत गांव के लोगों पर की गई दमनात्मक कार्रवाई की कड़ी निंदा की। राज्य सचिव कामरेड प्रेम चंद ने कहा कि भाखड़ा नहर से पीने के पानी को लेकर हांसी के लिए अमृत योजना के नाम से पाइपलाइन बिछाई जा रही है। इस पाइपलाइन से टी पाइंट लगाकर गांव चानौत के लोग भी पानी मांग रहे हैं।

### 30 को रोहड़ में होगा प्रशासन का रात्रि ठहराव

**जींद।** सफीदों के एसडीएम पुलकित मल्होत्रा ने बताया कि गांव रोहड़ के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 30 जून को सायं सात बजे जिला प्रशासन का रात्रि ठहराव कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस रात्रि ठहराव कार्यक्रम की अध्यक्षता डीसी डा. वैशाली शर्मा करेंगी। जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहेंगे।

## सुनने एवं बोलने की समस्या से जूझ रहे बच्चों के लिए वरदान बनी योजना

# दो बच्चों को उपचार के लिए दी 11 लाख 90 हजार रुपये की आर्थिक सहायता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

**प्रत्येक बच्चे तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : डॉ. वैशाली शर्मा**

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत सुनने एवं बोलने की समस्या से जूझ रहे बच्चों के बेहतर उपचार के लिए स्वास्थ्य विभाग हरियाणा सरकार द्वारा दो मूक बधिर बच्चों को कुल 11 लाख 90 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। उपायुक्त जींद डॉ. वैशाली शर्मा ने वीरवार को अपने कार्यालय में गांव मालवी निवासी चार वर्ष 5 माह की जागृति तथा गांव धनखड़ी निवासी पांच वर्ष 7 माह के शिवम कुमार एवं उनके परिजनों को उपचार संबंधी दस्तावेज सौंपे। दोनों बच्चों को कॉक्लियर इम्प्लांट उपचार के लिए पांच लाख 95 हजार रुपये प्रति बच्चा की सहायता राशि स्वीकृत की गई है। इस अवसर पर उपायुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने बच्चों एवं उनके परिजनों से संवाद करते हुए कहा कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे बच्चों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो रहा है। इस आर्थिक सहायता के माध्यम से दोनों बच्चों का कॉक्लियर इम्प्लांट उपचार संभव हो सकेगा। जिससे उनकी सुनने संबंधी समस्या का प्रभावी उपचार होगा और वे अन्य बच्चों की भांति सामान्य रूप से सुन सकेंगे तथा जीवन की मुख्यधारा से जुड़ सकेंगे।

इस अवसर पर बच्चों के परिजनों ने जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग प्रशासन का आभार जताया। इस अवसर पर राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की काऑर्डिनेटर ललिता शर्मा, देवेंद्र शर्मा तथा कार्यक्रम से जुड़े अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



जींद। बच्चों के परिजनों को आर्थिक सहायता राशि का पत्र देते हुए।

### अब छह साल तक के मूक बाधिर बच्चों को दी जा रही सुविधा: डॉ. पांचाल

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी डॉ. रमेश पांचाल ने बताया कि पूर्व में कार्यक्रम के अंतर्गत केवल 0 से 2 वर्ष आयु तक के बच्चों का कॉक्लियर इम्प्लांट उपचार करवाया जाता था। जबकि अब 0 से 6 वर्ष तक के मूक बधिर बच्चों को भी हरियाणा सरकार द्वारा इस सुविधा का लाभ प्रदान किया जा रहा है। जिले में कार्यरत 12 मोबाइल हेल्थ टीमें सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में वर्ष में दो बार तथा सरकारी विद्यालयों में वर्ष में एक बार स्वास्थ्य जांच एवं स्क्रीनिंग का कार्य करती हैं। उन्होंने बताया कि जिले का कोई भी 0 से 6 वर्ष आयु वर्ग का मूक बधिर बच्चा इस योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए नागरिक अस्पताल जींद स्थित डीईआईसी सेंटर में संपर्क कर उपचार एवं अन्य आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकता है।

### बच्चों की होती है समय-समय पर जांच

नागरिक अस्पताल की सीएमओ डॉ. सुमन कोहली ने बताया कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत जिला जींद में 0 से 18 वर्ष आयु वर्ग के आंगनबाड़ी एवं सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों को समय-समय पर स्वास्थ्य जांच, उपचार एवं आवश्यकतानुसार आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाई जा रही है। स्वास्थ्य विभाग का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक बच्चे को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाना है। दोनों बच्चों के कॉक्लियर इम्प्लांट उपचार के लिए स्वीकृत सहायता राशि पीजीआई चंडीगढ़ को स्थानांतरित कर दी गई है।



गुहला-चीका। श्री भवानी मंदिर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के दौरान कृष्ण जन्मोत्सव पर माथा टेकते श्रद्धालु। फोटो: हरिभूमि

## कृष्ण जन्मोत्सव पर सुंदर झांकी निकाली, भजनों पर झूमे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुहला-चीका

श्री भवानी मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। कथा के शुभारंभ अवसर पर महावीर वर्मा अपने परिवार सहित पहुंचे और व्यासपीठ से आशीर्वाद प्राप्त किया। वहीं कथा में प्रसाद सेवा अजय भार्गव परिवार की ओर से दी गई। कथावाचक परम पूज्या देवी रक्षा सरस्वती जी ने श्रीकृष्ण जन्म प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया। जैसे ही कृष्ण जन्म की कथा आरंभ हुई, पांडाल में उपस्थित श्रद्धालु "नंद के घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की" भजनों पर झूम उठे। इस दौरान भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की मनमोहक झांकी प्रस्तुत की गई, जिसने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। इस अवसर पर प्रधान बलबीर सैनी, राजीव शर्मा, कुलदीप माजरा, डॉ. रामकुमार शर्मा, मोतीराम गर्ग, गुरबख्श सिंह सिडा, वैद्य सत्यनारायण, भोजराज बिंदलिश, हरपाल शर्मा, सुभाष पाधा, मुख्य पुजारी सुभाष शर्मा उर्फ गुगनी, सुरेश शास्त्री, शास्त्री सोमदत्त, संजीव कौशिक क्योड़क, मनींद्र शर्मा, हरभंस सिडा, हरजिंदर जांगड़ा, राजपाल रावीस, प्रवीण गर्ग, राजू बावा, राममेहर कौशिक, जसबीर पुनिया, गुरमीत सिडा, गुलाब सिंह सेवादार सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### कथा जरूर सुनें

कथा के दौरान देवी रक्षा सरस्वती जी ने कहा कि जीवन में जब भी श्रीमद्भागवत कथा सुनने का अवसर मिले, उससे विमुख नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब-जब पृथ्वी पर अधर्म बढ़ता है, तब-तब भगवान धर्म की स्थापना के लिए अवतार धारण करते हैं। कृष्ण जन्म प्रसंग से पूर्व उन्होंने भगवान श्रीराम के अवतार और उनकी लीलाओं का वर्णन करते हुए राम जन्म, ताड़का वध, सीता स्वयंवर, वनवास, रावण वध तथा राम राज्याभिषेक का सुंदर व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम द्वारा स्थापित आदर्श आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। वहीं द्वापर युग में कंस के अत्याचारों से मुक्ति दिलाने के लिए भगवान श्रीकृष्ण ने अवतार लिया।

## हरियाणा टॉपर दिपांशी का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उचाना

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की 10वीं कक्षा के परिणाम में रिवाइज प्रक्रिया के बाद सात अंक बढ़ने से संयुक्त रूप से हरियाणा टॉपर बनी गीता विद्या मंदिर स्कूल उचाना मंडी की छात्रा दिपांशी जैन का विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं गणमान्य लोगों द्वारा सम्मान किया जा रहा है। पूर्व मंडी एसोसिएशन प्रधान सत्यनारायण मखंड ने दिपांशी जैन को सम्मानित कर उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि आज बेटियां किसी भी क्षेत्र में बेटों से कम नहीं हैं। शिक्षा, खेल, प्रशासन, विज्ञान और अन्य क्षेत्रों में बेटियां लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने माता-पिता, समाज और प्रदेश का नाम रोशन कर रही हैं।



उचाना। दीपांशी जैन को सम्मानित करते हुए पूर्व मंडी प्रधान सत्यनारायण मखंड। फोटो: हरिभूमि

### दृढ़ संकल्प से हासिल होगा लक्ष्य

दिपांशी जैन की उपलब्धि क्षेत्र की अन्य छात्राओं के लिए प्रेरणास्रोत है। उसकी मेहनत, लगन और अनुशासन ने यह साबित कर दिया है कि दृढ़ संकल्प के साथ कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। उन्होंने अभिभावकों और शिक्षकों को भी इस सफलता का श्रेय देते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन और सहयोग से ही विद्यार्थी नई ऊंचाइयों तक पहुंचते हैं। दिपांशी जैन ने सम्मान के लिए सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह आगे भी पूरी मेहनत और समर्पण के साथ पढ़ाई कर अपने परिवार, विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन करने का प्रयास करेगी।

## लिंगानुपात सुधार के डीसी ने दिए निर्देश

- डीसी की अध्यक्षता में हुई जिला टास्क फोर्स की बैठक
- रात्रि ठहराव कार्यक्रमों के दौरान उस माह में जन्म लेने वाली सभी बेटियों के जन्मदिवस सामूहिक रूप से मनाए जाएं : डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



जींद। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीसी। फोटो: हरिभूमि

डीसी डॉ. वैशाली शर्मा की अध्यक्षता में वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में जिला टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में लिंगानुपात सुधारने, महिलाओं एवं बालिकाओं के स्वास्थ्य, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना, शिक्षा, सुरक्षा तथा सशक्तिकरण से संबंधित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। इस दौरान नगराधीश मोनिका रानी, सिविल सर्जन डॉ. सुमन कोहली, डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. रमेश पांचाल, डीपीओ सीमा रोहिल्ला तथा संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। डीसी डॉ. वैशाली शर्मा ने कहा कि बेटियों का सम्मान एवं उनका सर्वांगीण विकास समाज की प्रगति का आधार है। उन्होंने कहा कि लिंगानुपात में सुधार लाने के लिए सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करना होगा। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि गर्भधारण पूर्व एवं प्रसव पूर्व निदान तकनीक (पीसीपीएनडीटी) अधिनियम की प्रभावी पालना सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ काम करें और जो गांव रेड और येलो जोन के दायरे में आते हैं उन पर विशेष निगरानी रखी जाए और हर महीने रिपोर्ट दी जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रशासन द्वारा विभिन्न गांवों में आयोजित किए जाने वाले रात्रि ठहराव कार्यक्रमों के दौरान उस माह में जन्म लेने वाली सभी बेटियों के जन्मदिवस सामूहिक रूप से मनाए जाएं।

### एक और पहल

उन्होंने कहा कि सामूहिक रूप से जन्मोत्सव मनाने से परिवारों में बेटियों के प्रति सम्मान और अपनत्व की भावना और अधिक मजबूत होगी। साथ ही समाज में यह संदेश जाएगा कि बेटियां परिवार, समाज और राष्ट्र की अमूल्य धरोहर हैं तथा उनके जन्म को गर्व और खुशी के अवसर के रूप में देखा जाना चाहिए।

## वीना रानी सर्वसम्मति से बनीं पूंडरी पैक्स की चेयरपर्सन, रिंकू टूरन बने वाइस चेयरमैन





पूंडरी। विधायक सतपाल जांबा के साथ नवनिर्वाचित चेयरपर्सन वीना रानी एवं वाइस चेयरमैन रिंकू टूरन। फोटो: हरिभूमि

**पूंडरी।** पूंडरी प्राथमिक कृषि सहकारी समिति (पैक्स) के चुनाव में वीना रानी को सर्वसम्मति से चेयरमैन तथा रिंकू टूरन को वाइस चेयरमैन चुना गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों का फूलमालाएं पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर विधायक सतपाल जांबा तथा उनके भाई एवं सरपंच लाभ सिंह के सहयोग और मार्गदर्शन की सराहना की गई। उपस्थित सदस्यों ने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में पैक्स किसानों के हितों की रक्षा करते हुए नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा तथा सहकारिता आंदोलन को और अधिक मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर पैक्स सदस्य धर्मवीर पूंडरी, गुरुनाम फतेहपुर, सालिंद पूंडरी, धर्मवीर मोहना, रामपाल पूंडरी, राजकुमार दुल्याणी, मिया सिंह, पूर्व नगरपालिका चेयरमैन पाला राम, ईश्वर गाती, सतीश गोलन, जगदीश क्वात्रा, पप्पू प्रधान, रमेश दुआ, राजीव ठकराल, कमल चचड़ा सहित गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## डीसी ने लोगों की समस्याएं सुनीं

- डीसी ने अधिकारियों को दिए त्वरित समाधान के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

हरियाणा सरकार की जनहितैषी एवं नागरिक केंद्रित पहल के तहत जिले में आयोजित समाधान शिविरों के माध्यम से आमजन की समस्याओं का मौके पर समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। इसी कड़ी में वीरवार को आयोजित समाधान शिविर में डीसी डॉ. वैशाली शर्मा ने लोगों की समस्याएं सुनी तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर उनका शीघ्र एवं प्रभावी समाधान करने के निर्देश दिए। डीसी डॉ. वैशाली शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार समाधान शिविरों का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को उनकी समस्याओं के समाधान के लिए एक ही स्थान पर सभी संबंधित विभागों की सेवाएं उपलब्ध करवाना है। उन्होंने कहा कि सरकार नागरिकों को सरल, पारदर्शी और जवाबदेह प्रशासन उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है।





जींद। जन समस्याएं सुनते हुए डीसी डॉ. वैशाली शर्मा। फोटो: हरिभूमि

### वीडियोग्राफी का भुगतान बकाया

गीता कॉलोनी निवासी हीरा नंद ने सफीदों में चुनाव के दौरान की गई वीडियोग्राफी का बकाया भुगतान नहीं मिलने की शिकायत की है। इस पर संबंधित विभाग को जांच एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया। स्कूल बस्ती निवासी स्थानीय लोगों ने शिकायत की है कि क्षेत्र में चल रहे गली निर्माण कार्य में कुछ स्थानों पर बिना निशानदेही के कार्य किया जा रहा है तथा सीवर व्यवस्था का अभाव होने से भविष्य में जल निकासी की समस्या की संभावना है।

## कलासर में निशानदेही कार्य का एसडीएम ने किया निरीक्षण

- निर्धारित नियमों एवं प्रक्रियाओं के अनुरूप कार्य को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्ध ढंग से संपन्न करने के निर्देश दिए
- संबंधित पक्षकारों को नियमानुसार आवश्यक सहयोग करने को भी कहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कलायत

एसडीएम अजय हुड्डा ने गुरुवार को गांव कलासर में रोवर के माध्यम से की जा रही निशानदेही की कार्रवाई का मौका निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने राजस्व अधिकारियों से निशानदेही कार्य की विस्तृत जानकारी प्राप्त की तथा निर्धारित नियमों एवं प्रक्रियाओं के अनुरूप कार्य को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्ध ढंग से संपन्न करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि निशानदेही की कार्रवाई के दौरान राजस्व अभिलेखों का गहन अध्ययन करते हुए तथ्यों एवं नियमों के आधार पर कार्य किया जाए। संबंधित पक्षकारों को नियमानुसार आवश्यक सहयोग एवं जानकारी उपलब्ध करवाई जाए, जिससे राजस्व मामलों के निपटान में पारदर्शिता बनी रहे। उन्होंने यह भी कहा कि प्रशासन का उद्देश्य राजस्व संबंधी मामलों का प्रभावी एवं समयबद्ध निपटान सुनिश्चित करना है। इस अवसर पर तहसीलदार अजय कुमार, संबंधित कानूनगो एवं हलका पटवारी सहित अन्य राजस्व अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अखिल भारतीय साहित्य परिषद ने सतपाल शास्त्री को किया सम्मानित

**पूंडरी।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद, हरियाणा द्वारा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष समारोह के उपलक्ष्य में आयोजित प्रांतीय काव्य गोष्ठी में उत्कृष्ट सहयोग एवं समर्पित सेवाओं के लिए अखिल भारतीय साहित्य परिषद, कैथल इकाई के सदस्य सतपाल शास्त्री को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें गेटवे स्कूल, सोनीपत में आयोजित प्रांतीय काव्य गोष्ठी के सफल आयोजन में सक्रिय सहभागिता, निष्ठापूर्वक दायित्व निर्वहन तथा साहित्यिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया। सम्मान प्राप्त करने पर सतपाल ने कहा कि यह सम्मान केवल उनका व्यक्तिगत सम्मान नहीं, बल्कि साहित्य, संस्कृति और राष्ट्र चेतना के लिए कार्य करने वाले सभी साथियों का सम्मान है। उन्होंने कहा कि साहित्य समाज को सही दिशा देने का सशक्त माध्यम है।

**हरिभूमि**

**आवश्यक सूचना**

जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-

हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द

हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल

फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

बदलाव | 30 जून तक मौसम बना रहेगा गर्म, एक जुलाई को बारिश की संभावना

# उमस भरी गर्मी कर रही आमजन को परेशान

- अधिकतम तापमान पहुंचा 39 डिग्री सेल्सियस, न्यूनतम भी पहुंचा 28 डिग्री
- आगामी दिनों में भी बदल सकता है मौसम का मिजाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

जिले में उमसभरी गर्मी ने आमजन को परेशान कर रख दिया है। वीरवार को दिनभर तेज धूप और उमस के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। मौसम विभाग के अनुसार आगामी 30 जून तक जिले में गर्म मौसम बने रहने की संभावना है। जबकि एक जुलाई से मौसम में बदलाव के संकेत मिल रहे हैं और बारिश होने की संभावना जताई गई है। मौसम में संभावित बदलाव से लोगों को गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद है। वीरवार को जिले का अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जबकि न्यूनतम तापमान भी बढ़कर 28 डिग्री पहुंच गया। तापमान में बढ़ोत्तरी के साथ हवा में नमी अधिक रहने से उमस का असर भी काफी बढ़ गया। हवा की गति मात्र तीन किलोमीटर प्रति घंटा रही। सुबह से ही तेज धूप निकलने के कारण लोगों को गर्मी का सामना करना पड़ा।



जींद। धान रोपाई में लगे किसान। फोटो: हरिभूमि

### अस्पताल में फीवर, उल्टी व दस्त के मरीज बढ़े



**उचाना।** लगातार बढ़ रहे तापमान का असर अब आमजन के स्वास्थ्य पर भी दिखाई देने लगा है। गर्मी के चलते नागरिक अस्पताल में प्रतिदिन 400 से अधिक मरीज उपचार के लिए पहुंच रहे हैं। इनमें फीवर, बॉडी पेन, उल्टी और दस्त से पीड़ित मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। एसएमओ डा. सुशील गर्ग ने बताया कि इन दिनों अस्पताल में रोजाना 400 से अधिक ओपीडी हो रही है। बढ़ती गर्मी और लू के कारण कई लोग बुखार, शरीर दर्द व उल्टी जैसी समस्याओं से ग्रस्त होकर अस्पताल पहुंच रहे हैं। अस्पताल में मरीजों को आवश्यक उपचार और परामर्श दिया जा रहा है। डा. गर्ग ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि गर्मी के मौसम में स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। अधिक से अधिक तरल पदार्थों का सेवन करेंए पर्याप्त मात्रा में पानी पीते रहें और दोपहर के समय अनावश्यक रूप से घर से बाहर निकलने से बचें। यदि किसी जरूरी कार्य से बाहर जाना पड़े तो सिर को कपड़े, टोपी या छाते से ढककर रखें। तेज धूप और गर्म हवाओं से बचाव करके ही हीट स्ट्रोक से बचा सकता है।

### बरसोला माइनर की सफाई के चलते जलापूर्ति प्रभावित

**उचाना।** बरसोला माइनर की सफाई का कार्य चलने के कारण माइनर में पानी एक जुलाई को पहुंचेगा। इसके चलते उचाना कलां के भौंगरा रोड स्थित वाटर वर्क्स से उचाना कलां और शहर क्षेत्र में होने वाली पेयजल आपूर्ति आगामी कुछ दिनों तक एक दिन छोड़ कर की जाएगी। जन स्वास्थ्य विभाग के जेई विनय ने बताया कि 26, 28 और 30 जून को उचाना कलां एवं शहर क्षेत्र में पानी की सप्लाई दी जाएगी। नहर में पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं होने के कारण यह अस्थायी व्यवस्था की गई है। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि पानी का उपयोग जरूरत के अनुसार ही करें।